राष्ट्रीय सेवा योजना

वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय,जौनपुर

पत्रांकः 90/पू0वि0वि0/रा0से0यो0/2022–23 दिनांकः 30.09.2022

सेवा में,

प्राचार्य/कार्यक्रम अधिकारी (रा0से0यो0)
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय,
जौनपुर।

विषयः स्वच्छ भारत अभियान–2.0(क्लीन इंडिया–2.0) 01 से 31 अक्टूबर, 2022 के आयोजन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक क्षेत्रीय निदेशक, भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, लखनऊ के पत्र पत्रांक–05–12/रा0से0यो0/क्षे0नि0/लख0/2021–22, दिनांक 29.09.2022 के संदर्भ में आपको अवगत कराना है कि विगत वर्ष के सफल अभियान के पश्चात इस वर्ष भी दिनांक 01 से 31 अक्टूबर,2022 तक क्लीन इंडिया–2.0 अभियान का पूरे देश में आयोजन किया जा रहा है। केन्द्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर 01 अक्टूबर, 2022 को उक्त अभियान का शुभारम्भ करेगे, जिसका उद्देश्य कचड़े मुख्यतः एकल उपयोग प्लास्टिक को साफ करना या निपटाना और जागरूकता उत्पन्न करना है। उक्त अभियान के दौरान 01 करोड़ किलो कचरे (प्लास्टिक ई–कचरा और अन्य कचरा) को एकत्र करके निपटाया जायेगा। कचरा संग्रह पर्यटन स्थल शैक्षणिक संस्थान बस स्टैंड/रेलवे स्टेशन एवं उनके आसपास के स्थान राष्ट्रीय राज मार्ग ऐतिहासिक धरोहर भवन धार्मिक स्थल व उनके आस–पास के स्थल अस्पताल से इकट्ठा किया जायेगा।

उक्त कार्यक्रम को समस्त जिलों एवं समस्त गॉवों में आयोजित किया जाना है। अतः आपसे अनुरोध है कि अपने स्तर से उचित कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए समस्त रा0से0यो0 इकाईयों द्वारा अधिक से अधिक गॉवों/मलिन बस्ती को सम्मिलित करते हुए उक्त कार्यक्रम आयोजित कराने की कृपा करें तथा दिन–प्रतिदिन की आख्या क्षेत्रीय निदेशक, भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, रा0से0यो0 क्षेत्रीय निदेशालय, केन्द्रीय भवन, आठवां तल, हाल नं0–1, सेक्टर–एच, अलीगंज, लखनऊ के ई–मेल nssrclucknow@yahoo.com एवं विशेष कार्याधिकारी एवं राज्य सम्पर्क अधिकारी, उच्च शिक्षा (रा0से0यो0को0) विभाग, बहुखण्डी भवन, उ0प्र0शासन, लखनऊ के ई–मेल sloup.nss@gmail.com तथा कार्यक्रम समन्वयक, वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर के ई–मेल nssvbspu.jnp@gmail.com पर इस कार्यालय को भी संलग्न प्रपत्र पर एक्शन फोटोग्राफ एवं विडियो क्लिपिंग सहित उपलब्ध करायें। साथ ही आयोजित कार्यक्रमों को सभी सोशल मीडिया (ट्विटर, फेसबुक इत्यादि) माध्यमों के द्वारा अपलोड करना भी सुनिश्चित करें।

Clean India Camppaing 2022- Report Sheet

Sl.No.	Name of University	No. of Voluteers Involved	Plastic waste collected in (Kgs)	No. of villages/slums cleaned/covered	No. of water bodies cleaned/covered	No. of public places cleaned/covered	No. of Educational Institutions cleaned/covered
1.							

संलग्नक–यथोक्त

भवदीय

डॉ0(राकेश कुमार यादव)
कार्यक्रम समन्वयक

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निजी सहायक मा0 कुलपति जी, मा0 कुलपति महोदया के सूचनार्थ।
2. विशेष कार्याधिकारी एवं राज्य सम्पर्क अधिकारी, उच्च शिक्षा (रा0से0यो0को0) विभाग, बहुखण्डी भवन, उ0प्र0शासन, लखनऊ।
3. क्षेत्रीय निदेशक, भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, रा0से0यो0 क्षेत्रीय निदेशालय, केन्द्रीय भवन, आठवां तल, हाल नं0–1, सेक्टर–एच, अलीगंज, लखनऊ।
4. वरिष्ठ आशुलिपिक कुलसचिव, कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
5. वरिष्ठ आशुलिपिक वित्त अधिकारी, वित्त अधिकारी जी के सूचनार्थ।
6. वेव मास्टर को इस आशय के साथ प्रेषित कि उपरोक्त् सूचना विश्वविद्यालय की वेवसाइट एन0एस0एस0 पोर्टल पर अपलोड करने का कष्ट करें।

डॉ0(राकेश कुमार यादव)
कार्यक्रम समन्वयक